हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री

बिलासपुर, शनिवार, 5 जुलाई 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

4 बिर्रा से मल्दा होते हुए चंद्रपुर को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग पोखर में तब्दील



## खबर संक्षेप

### प्रेशर हार्न, साइलेंसर वाले 8 चालकों से वसूला जुर्माना

**जांजगीर-चांपा।** बुलेट वाहन में प्रेशर हार्न, मोडिफाई साइलेंसर लगाकर एवं नो एंट्री में भारी वाहन चलाने वालो के विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसी के तहत 8 वाहन चालकों से जुर्माना वसूल किया गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थाना पामगढ़ क्षेत्र के सहसा मोड में 2 ट्रक चालक के द्वारा नो एंट्री में वाहन चलाने पाए जाने पर 25- 25 सौ रुपए व 1 ट्रक चालक के द्वारा परमिट शर्तों का उलंघन करने वाले ट्रक चालक से 5 हजार रुपए जुर्माना वसूल किया गया। नो एंट्री में भारी वाहन चलाने वालों पर लगातार कार्यवाही जारी रहेगी। इसके अतिरिक्त मोटर सायकल में ट्रिपल सवारी, तेज गति में वाहन चलाना, बिना हेलमेट मोटर सायकल चलाना, बिना सीट बेल्ट के चारपहिया वाहन चलाना एवं यातायात नियमों का उलंघन करने पाए जाने पर 78 वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है। उच्च न्यायालय के निर्देशन पर यातायात पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं व ध्वनि प्रदूषण को दृष्टिगत रखते हुए जिसकी रोकथाम के लिए प्रेशर हॉर्न व मोडिफाई साइलेंसर लगाकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार के नेतृत्व में यातायात पुलिस जांजगीर द्वारा विशेष अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही की गई है।

### गेमन पुल पर सड़क हादसे में हुई थी युवक की मौत

# रात भर शव रखकर पीएम करने से किया इनकार, बीडीएम अस्पताल में हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

### डॉक्टर के बर्ताव से भड़का जनआक्रोश



अस्पताल में हो हंगामा मचाते परिजन व ग्रामीण।

चांपा के बीडीएम अस्पताल में उस समय वाद विवाद के साथ हो हंगामा शुरू हो गया, जब सड़क दुर्घटना में मृत युवक का शव रात भर मर्चुच्यरी में रखने के बाद डॉक्टर ने पोस्टमार्टम करने से इंकार कर दिया। हो हंगामा और जनआक्रोश को देखते हुए पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान मान मनौव्वल कराया गया तथा पोस्टमार्टम कराने के बाद मामला शांत हुआ।

बीती रात नगर के गेमन पुल पर एक तेज़ रफ्तार हाइवा वाहन ने बाइक सवार युवक अरविंद यादव पिता अश्वनी यादव उम्र 27 वर्ष निवासी बहेराडीह को टक्कर मार दी, जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पर चांपा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बीडीएम अस्पताल लाया गया। हालांकि घटना स्थल जांजगीर थाना क्षेत्र का होने से मर्ग की जानकारी सिटी कोतवाली जांजगीर को दी गई और पुलिस ने हाइवा वाहन को ज़ब्त कर जांच शुरू कर दी है। दूसरे दिन शुक्रवार की सुबह पोस्टमार्टम को लेकर विवाद तब खड़ा हो गया, जब बीडीएम अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर ने पोस्टमार्टम करने से इंकार कर दिया। डॉक्टर का कहना था कि घटना स्थल गेमन पुल जांजगीर थाना क्षेत्र में आता है। इसलिए शव का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में होना चाहिए। इधर शव को रात भर बीडीएम अस्पताल में रखने के बाद दूसरे दिन डॉक्टर से पोस्टमार्टम नहीं करने का जवाब सुनकर परिजन एवं ग्रामीण भडक उठे। बताया जाता है कि डॉक्टर ने जिस तरह से भीड़ के सामने परिजनों को शव का पोस्टमार्टम करने से इंकार किया, उससे भीड़ आक्रोशित हो गई और देखते ही देखते मौके पर हो हंगामा शुरू हो गया। आक्रोशित भीड़ ने बीडीएम अस्पताल का घेराव कर दिया और मौके पर तनावपूर्ण स्थिति निर्मित हो गई। परिजन एवं ग्रामीणों ने डॉक्टर के बर्ताव को लेकर भारी आक्रोश दिखा। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मामला बढ़ते देख चांपा टीआई जे.पी. गुप्ता और तहसीलदार प्रशांत पटेल मौके पर पहुंचे और परिजनों को शांत कराया। उच्च अधिकारियों के निर्देश व फटकार के बाद डॉक्टर ने पोस्टमार्टम किया और तब जाकर मामला शांत हुआ। पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों के आक्रोश को देखकर पोस्टमार्टम के बाद डॉक्टर को पुलिस सुरक्षा के साथ पोस्टमार्टम वाले स्थान से अस्पताल लाया गया।

### निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर ने लगाई थी फटकार

बिसाहूदास महंत शासकीय अस्पताल चांपा में अव्यवस्था और मरीज व परिजनों से दुव्यर्वहार की शिकायत पूर्व में भी मिल चुकी है। यहां पदस्थ डॉक्टर अधिकांश समय अपने निजी क्लीनिक में व्यस्त रहते है। एक दिन पहले ही कलेक्टर जन्मेजय महोबे निरीक्षण में पहुंचे थे। इस दौरान अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्था और इस तरह की शिकायतों को लेकर भारी नाराजगी जाहिर की थी, लेकिन इसके दूसरे ही दिन पोस्टमार्टम नहीं करने को लेकर एक नया विवाद हो गया।

# फर्जी एकाउंट के माध्यम से साढ़े 31 लाख की ठगी, 6 गिरफ्तार

### शिवरीनारायण थाना क्षेत्र का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

फर्जी एकाउंट के माध्यम से 31 लाख 49 हजार रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मामला शिवरीनारायण थाना का है। आरोपियों के द्वारा 9 राज्यों से समन्वय पोर्टल पर सायबर ठगी की शिकायत प्राप्त हुई थी। जिसके आधार पर कार्रवाई की गई थी।

इस संबंध में शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार म्यूल एकाउंट के संबंध में एक्सीस बैंक शिवरीनारायण के शाखा में कुल 16 बैंक एकाउंट में सायबर ठगी से प्राप्त धनराशि 31 लाख 49 हजार 312 रुपये का जमा होना पाया गया है। सायबर घोखाधडी से प्राप्त धनराशि का उपयोग बैंक खाता धारकों व संवर्धक के द्वारा किया गया है। 6 खाता धारक को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया जो भोला राम निवाशी किकिरदा के द्वारा बताया गया कि वह लखन लाल सुल्तान निवासी सारसडोल के कहने पर कमीशन के आधार पर अपना खाता दिया था। लखन लाल सुल्तान से पूछताछ पर बताया कि वह एजेंट के रूप में काम कर रहा था। लखन लाल सुल्तान का काम खाता संग्रह कर देना रहता था। जिसके एवज में 12 से 15 हजार रुपए हर खाता के पीछे मिल रहा था लखन लाल सुल्तान के द्वारा लगभग 10-15 लोगों का खाता गांधी शान्डे को दिया था। वर्तमान में गांधी शान्डे रायगढ़ जेल में सायबर ठगी में मामले में बंद है। गिरफ्तार 6 आरोपियों में भोलाराम कुम्हार उम्र 29 साल निवासी किकिरदा , लखन लाल सुल्तान उम्र 30 साल निवासी सारसडोल थाना मालखरौदा, सुरेश साहू उम्र 27 साल निवासी रनपोटा थाना मालखरौदा, गिरधारी लाल कुम्हार उम्र 35 साल निवासी शिवरीनारायण, हरिहर कामले उम्र 32 साल निवासी खरौद, रामभरोस यादव उम्र 26 साल निवासी पडरिया थाना शिवरीनारायण के खाता का अवलोकन किया गया जो कई राज्यों के व्यक्तियों के द्वारा सायबर ठगी का रिपोर्ट करना पाया गया, जो लाखों रुपए का सायबर ठगी का पैसा उक्त खाता में जमा होना पाया गया है। बताया जाता है कि आरोपियों के द्वारा 31 लाख 49 हजार 312 रुपए की राशि ठगी की गई है। उक्त खाता को होल्ड लगा दिया गया है। सभी आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा सदर का सबूत पाए जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी शिवरीनारायण भास्कर शर्मा, निरीक्षक सागर पाठक साइबर सेल प्रभारी, साइबर टीम सउनि विवेक सिंह, प्रधान आरक्षक मनोज तिग्गा, विवेक सिंह, आरक्षक सहबाज खान, गिरीस कश्यप, प्रदीप दुबे, माखन साहू का योगदान रहा।





## खबर संक्षेप

### शिक्षक साझा मंच ने धरना-प्रदर्शन व रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन



**बिर्रा।** शिक्षक साझा मंच ब्लॉक बम्हनीडीह द्वारा तहसील कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन कर एवं रैली निकालकर क्रमोन्नति, पेंशन, युक्तियुक्तकरण सहित शिक्षक एल.बी. संवर्ग की मांगों के निराकरण हेतु मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव, संचालक लोक शिक्षण संचालनालय के नाम तहसीलदार बम्हनीडीह के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। सौंपे गए ज्ञापन में उन्होंने क्रमोन्नति का जनरल आर्डर जारी करने, पूर्व सेवा अवधि के आधार पर पेंशन एवं 2008 के सेटअप के आधार पर युक्तियुक्तकरण करने की मांग की है। धरना प्रदर्शन को शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष धन्यकुमार पांडेय, जिला पदाधिकारी राजेंद्र जायसवाल, कुमार सिंह राज, प्रदीप श्रीवास, ने समर्थन दिया। धरना प्रदर्शन में शिक्षक साझा मंच ब्लॉक बम्हनीडीह से प्रदेश उपसंचालक बसंत चतुर्वेदी, छबि पटेल, जिला संचालक रविन्द्र राठौर, ब्लॉक संचालक उमेश तेम्बुलकर, ब्लॉक संचालक संजय चौहान, शैलेष दुबे, राजीव नयन शुक्ला, गोपाल जायसवाल, रामकृपाल डडसेना, विकेश केशरवानी, शिव पटेल, पूर्णिमा तिवारी, सरला प्रधान, हृदय राठौर, नवधा चंद्रा, उत्तम साहू, जगेंद्र वस्त्रकार, कौशल साहू, सनत सिदार,संतोष कुमार देवांगन,गायत्री वस्त्रकार, कुमारी बाई यादव, सरला फ्रैंकलिन, माधुरी देवांगन, श्रीमती ललिता डड़सेना जीवन लाल यादव, पूर्णेंद यादव दिलीप पांडे, सनत कुमार सिदार, दिलेश्वर आजाद, शिव नारायण जायसवाल, शरद चतुर्वेदी, कौशल साहू, फागुलाल राठौर, छोटे लाल श्रीवास, सरोज कुमार बंजारे, रवि कुंभकार, खिलेश कटकवार सहित सैकड़ों की संख्या में शिक्षक शामिल थे।

### मौसी के घर से अपने धाम आज लौटेंगे भगवान जगन्नाथ

**गोधना।** गांव में शुक्रवार 27 जून को भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा की रथ यात्रा



परंपरानुसार निकाले जाने के बाद नौ दिनों तक मौसी के घर में विश्राम करने के पश्चात शनिवार 5 जुलाई को बहुड़ा यात्रा के माध्यम से भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा एवं बलभद्र जी की घर वापसी होगी। ग्राम गोधना में आशा दशमी पर 5 जुलाई को भगवान जगन्नाथ की पारंपरिक रथ यात्रा निकाली जाएगी। यह रथ यात्रा ग्राम सरपंच अजय साहू के निवास से प्रारंभ होकर गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए भगवान के मूल धाम पहुंचेगी। धार्मिक मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ इस दिन मौसी घर से लौटकर अपने धाम में विराजमान होते हैं और भक्तों को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं। रथ यात्रा को लेकर गांव में खासा उत्साह है। श्रद्धालु रथ खींचने तैयारी में जुट गए हैं। गांव में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। नौ दिनों तक भक्तिभाव से पूजा-अर्चना की गई।

### किसान कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री बनाए गए नरेश

**डभरा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा क्षेत्र के युवा नेता नरेश चंद्रा को किसान कांग्रेस का प्रदेश महामंत्री



बनाया गया है। साथ ही राजधानी रायपुर में होने वाली जय जवान जय किसान संविधान सभा के शक्ति जिला का प्रभारी बनाया गया है। प्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष अविनाश मिश्रा के द्वारा चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र युवा एवं तेज तर्रार नेता गोबरा निवासी नरेश चंद्रा को किसान कांग्रेस का प्रदेश महामंत्री बनाया गया है। साथ ही कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के सात जुलाई को को राजधानी रायपुर में होने वाली जय जवान जय किसान संविधान सभा कार्यक्रम के लिए नव गठित जिला शक्ति का प्रभारी भी बनाया गया है। नरेश चंद्रा वर्षों से कांग्रेस पार्टी से जुड़े रहे हैं उन्हें किसान कांग्रेस का प्रदेश महामंत्री बनाए जाने पर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

#### डिजिटल फसल सर्वेक्षण के लिए जिला स्तरीय सर्वेक्षण दल को दिया गया प्रशिक्षण

# सर्वेक्षण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग एवं औचक निरीक्षण करें अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिए कलेक्टरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय सर्वेक्षण दल का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में फसलों का सर्वेयरों के माध्यम से प्रविष्टि, डिजिटल फसल सर्वेक्षणकर्ता का चयन सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा किया गया। कलेक्टर ने प्रशिक्षण में संबंधित अधिकारियों को जिले में फसल सर्वेक्षण शत प्रतिशत एवं गुणवत्तापूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षकों को सर्वेक्षण के कार्यों को नियमित मॉनिटरिंग करने एवं मौके पर जाकर औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए।



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर जनमेजय महोबे।

कलेक्टर जन्मेजय महोबे की अध्यक्षता में डिजिटल क्रॉप सर्वे (खरीफ फसल प्रविष्टि) के लिए शुक्रवार 4 जुलाई को कलेक्टरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय सर्वेक्षण दल का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर आर के तंबोली, अधीक्षक भू-अभिलेख विनय पटेल, सर्व तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे। प्रशिक्षण में फसलों का सर्वेयरों के माध्यम से प्रविष्टि, डिजिटल फसल सर्वेक्षणकर्ता का चयन, डिजिटल फसल सर्वेक्षणकर्ता का प्रशिक्षण, सर्वेक्षणकर्ता का चयन पटवारी के माध्यम से तहसीलदारों के द्वारा किया जाना तथा सुपरवाइजर (पटवारी) अनुवकर्ता, राजस्व निरीक्षण सत्यापनकर्ता एवं तहसीलदार निरीक्षण कर्ता सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा किया गया। कलेक्टर श्री महोबे ने प्रशिक्षण में कहा कि सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षकों को सर्वेक्षण के कार्यों को नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही मौके पर जाकर औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रशिक्षण में संबंधित अधिकारियों को जिले में फसल सर्वेक्षण शत प्रतिशत एवं गुणवत्तापूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही प्रशिक्षण में बताया गया कि सर्वेक्षण कर्ता की योग्यता - प्रत्येक सर्वेक्षणकर्ता (महिला/पुरुष) को न्युन्तम 10 वी उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। प्राथमिकता का कम कमशः कृषि स्नातक विज्ञान से 12वी पास. 12 वी पास, 10 वी पास होगा, उसके पास स्वयं का एण्ड्रायड का मोबाईल वर्जन 9$ जिसमें इंटरनेट होना आवश्यक है, सर्वेक्षणकर्ता का बैंक खाता एवं आधार नंबर होना आवश्यक है, सर्वेक्षणकर्ता सर्वेक्षण के दौरान ग्राम में आवश्यक रूप से उपलब्ध हो, सर्वेक्षणकर्ता ग्राम का निवासी हो। ग्राम के निवासी समुचित संख्या में उपलब्ध नहीं होने पर तहसीलदार द्वारा निकटवर्ती ग्राम के निवासी अथवा कृषि विज्ञान केन्द्र कृषि महाविद्यालय या उद्यानिकी महाविद्यालय के विद्यार्थी को चयनित किया जा सकेगा, सर्वेक्षणकर्ता की आयु 18 वर्ष से उपर हो तथा सर्वेक्षणकर्ता को प्रत्येक सर्वे के लिए एप्प के माध्यम से ही सर्वेक्षण एवं अपलोड करने तथा स्वीकृति हो जाने की दशा में 10 रूपये प्रति खसरा मानदेय आधार संबंद्ध बैंक खातों के माध्यम से प्रदान किया जावेगा।



नवदंपतियों को उपहार सामग्री और प्रमाण पत्र देते जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 18 जोड़ों ने लिए सात फेरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

सांस्कृतिक भवन नवागढ़ में मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के तहत विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर 18 जोड़ों ने सात फेरे लिए। विवाह समारोह संपन्न होने के पश्चात सरकार की ओर से सभी नवदंपतियों को उपहार सामग्री और प्रमाण पत्र भी दिए गए।

**खास बात**

- सांस्कृतिक भवन में हुआ आयोजन, दिया गया उपहार सामग्री और प्रमाण पत्र

मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के तहत जनपद पंचायत नवागढ़ क्षेत्र के सांस्कृतिक भवन में गुरुवार को भव्य विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर 18 जोड़ों ने हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार सात फेरे लेकर विवाह संस्कार संपन्न किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया, जनपद अध्यक्ष कांता मोहन कश्यप, उपाध्यक्ष शांति घासीराम कश्यप, पूर्व उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप, सभापति बिरिछ बाबूलाल पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देकर उनके सुखद भविष्य की कामना की। इस आयोजन में महिला एवं बाल विकास विभाग की अहम भूमिका रही। जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिता अग्रवाल, परियोजना अधिकारी पंकज शुक्ला, आशीष तिवारी, अश्विनी कौशिक, रजनीकांत भीष्म सहित विभागीय कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी रही। सरकार की ओर से सभी नवदंपतियों को उपहार सामग्री और प्रमाण पत्र भी दिए गए। योजना के माध्यम से गरीब परिवारों की बेटियों का सम्मानपूर्वक विवाह संपन्न हो रहा है, जिससे उन्हें बड़ी राहत मिल रही है।

## पूर्व मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर अर्पित की श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का 3 जुलाई को अकलतरा आगमन हुआ। उनके द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह की सास स्वर्गीय श्रीमती विष्णु देवी सिंह बैस पत्नी स्वर्गीय बलभद्र सिंह बैस के निवास जाकर छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के पश्चात शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



श्रद्धा सुमन अर्पित करते पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल।

कार्यक्रम में अकलतरा विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष गिरीश देवांगन, छ.ग.सिंधी एकेडमी के पूर्व अध्यक्ष राम गिडलानी ,छ.ग. सनिर्माण कर्मकार मंडल के पूर्व अध्यक्ष सन्नी अग्रवाल, प्रमोद नायक पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक मर्यादित, बिलासपुर, अभयनारायण राय, महेश दुबे,छ.ग.जीव जंतु बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष आलोक चंद्राकर,सौरभ तिवारी, अनुभवचरण शुक्ला, संदीप अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष रमेश पैगवार,नारायण खंडेलिया, रवि भारद्वाज,पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश शर्मा सहित रायपुर, बिलासपुर,जांजगीर, चांपा,पामगढ़, राहोद, शिवरीनारायण, एवं अकलतरा नगर के कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।

## घरों में सोलर पैनल लगाकर बिजली बिल को कर सकते हैं कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हसौद

तेजी से बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं और बिजली दरों में इज़ाफ़े के बीच प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना आम नागरिकों के लिए नई उम्मीद बनकर उभर रही है। इसी क्रम में हसौद निवासी केसर प्रसाद साहू ने अपने घर में सोलर पैनल लगाकर न सिर्फ बिजली बिल में भारी कमी लाई, बल्कि पर्यावरण के प्रति जागरूकता का भी बेहतरीन उदाहरण पेश किया है। उन्होने 3 किलोवाट का सोलर प्लांट लगवाया, जिसकी कुल लागत लगभग 2 लाख रूपए के करीब रही, जिसमें से सरकार द्वारा सब्सिडी के रूप में देय राशि सीधे उनके बैंक खाते में जमा की जाएगी।



उन्होंने बताया कि सोलर पैनल के कारण अब बिजली गुल होने की स्थिति में भी घर के सभी काम सुचारु रूप से चलते हैं। यह उनके लिए आर्थिक रूप से लाभकारी साबित हुआ है और ऊर्जा संरक्षण में भी योगदान दे रहा है। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में बताया कि इस योजना के तहत आम नागरिक अपने घरों में सोलर पैनल लगाकर हर महीने आने वाले बिजली बिल को कम कर सकते हैं। योजना के अंतर्गत सोलर पैनल लगाने पर केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी भी दी जा रही है। 1 किलोवाट सौर संयंत्र पर केंद्र से 30 हजार रूपए और राज्य से 15 हजार रूपए की सब्सिडी, 2 किलोवाट पर केंद्र से 60 हजार रूपए और राज्य से 30 हजार रूपए, 3 किलोवाट संयंत्र पर केंद्र से 78 हजार रूपए और राज्य से 30 हजार रूपए तक की सहायता दी जा रही है। यह योजना शासन की एक महत्वाकांक्षी पहल है, जो न सिर्फ बिजली की बचत सुनिश्चित करती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी मील का पत्थर साबित हो रही है। आमजन इस योजना का लाभ लें और अपने घरों में सौर संयंत्र लगवाकर ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाएं।

## बिजली दर वृद्धि के विरोध में आप ने किया बिजली कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

बिजली दर वृद्धि, अघोषित बिजली कटौतीऔर स्मार्ट मीटर में खामी से प्रदेश की जनता को हो रही परेशानियों को लेकर आम आदमी पार्टी के द्वारा जिला विद्युत कार्यालय का घेराव कर अधीक्षण यंत्री अमर चौधरी को ज्ञापन सौंपा गया।

आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ हेमंत कश्यप ने जुलाई से बिजली दर में वृद्धि, समय हो रही अघोषित कटौती और स्मार्ट मीटर की खामी पर कहा है कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार आम जनता की परेशानी को नज़र अंदाज कर रही है जबकि सरकार के इन फैसलों और गैर जिम्मेदाराना रवैये से जनता त्रस्त हो गयी है। आम आदमी पार्टी द्वारा आम जनता को बिजली सम्बंधित हो रही परेशानियों को देखते हुए सरकार के फैसले और अधिकारियों की लापरवाही के खिलाफ घेराव कर प्रदर्शन किया है। छत्तीसगढ़ बिजली सरप्लस राज्य है। प्राकृतिक संसाधन से परिपूर्ण,यही वजह है कि देश के 5 ऐसे प्रदेश जो बिजली देश भर के राज्य को बेचते हैं उसमें छत्तीसगढ़ भी शामिल है। महिला प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश बघेल ने कहा कि सरकार को अपने खर्चो में कटौती करनी चाहिए, आपने 4 कंपनी बनाई है जिसमें हर कंपनी में अधिकारी और कर्मचारी हैं, अगर 1 कंपनी होती तो अतिरिक्त 3 कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारी के वेतन और खर्चो की

- बिजली दर वृद्धि, अघोषित बिजली कटौती और स्मार्ट मीटर में खामी से जनता त्रस्त



अधीक्षण यंत्री को ज्ञापन सौंपते आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी।

बचत होती। बिल में हर माह ऊर्जा प्रभार के साथ अनेक गैरजरुरी चार्ज लिए जातें हैं। प्रदेश संगठन मंत्री अभिषेक मिश्रा ने कहा कि अभी हाल ही में 1000 मेगावाट की बिजली का अनुबंध छत्तीसगढ़ प्रदेश ने तेलंगाना से भी किया है, फिर भी नियामक आयोग द्वारा घाटे का हवाला देकर दरों में वृद्धि करना तर्कसंगत नहीं प्रतीत होता। जिस प्रदेश के नागरिकों को मुफ्त बिजली मिलनी चाहिए उस प्रदेश के नागरिकों को अब सबसे महंगी बिजली मिलनी जा रही। धरना प्रदर्शन को लोकसभा सचिव राजेश पुरी गोस्वामी एवं जिला सचिव विनय गुप्ता ने भी संबोधित किया। बिजली कार्यालय में किए गए घेराव प्रदर्शन में ललित गबेल, हेमंत पटेल, रामकृष्ण कश्यप, रामराज कुर्रे सहित बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### संकुल केन्द्र बुढ़ना में एक पेड़ नाम के लगाए गए पौधे

**बलौदा।** विकास खण्ड बलौदा के ग्राम पंचायत हेड़सपुर के आश्रित ग्राम बुढ़ना के संकुल केन्द्र बुढ़ना में सरपंच श्रीमती दिनेश्वरी भूपदेव सिंह कंवर, उपसरपंच रानू राजू यादव, सचिव श्रीमति नीलू डहरिया, शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष रंजना यादव,बलराम यादव, रामाधार यादव, प्रधान पाठक रामलाल कुम्भकार, सुरेश यादव, संकुल समन्वक विजय कुमार देवांगन,कीर्ति रोस खलखो दिलीप रात्रे, सेवंती सांडे, तिरिथ सूर्यवंशी एवं पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक घनश्याम प्रसाद साहू के मार्गदर्शन में नवीन प्राथमिक शाला, प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला बुढ़ना के शाला प्रबंध समिति के सदस्य, शिक्षा विद विनोद सिदार एवं पालकगण,गणमान्य नागरिकों के द्वारा एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत लगभग दो सौ पौधे लगाए गए।



TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दुरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बतीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बतीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतो से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

कोर्स स्पॉट काउंसलिंग
- DMLT- डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
- MPW - पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
- EMT-पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन
- OT टेक्नीशियन
- डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजरपोस्ट
- ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियन असिस्टेंस
- ड्रेसर • डिप्लोमा इन डेंटल असिस्टेंस
APPROVED BY NSDC CENTER NO. 69240
पैरामेडिकल एवं नर्सिंग कोर्स
10वीं एवं 12वीं के छात्रों के लिए नर्सिंग में एक/द्वि वर्षीय कोर्स
100% नौकरी में सहयोगी पाठ्यक्रम
योग्यता 10वीं एवं 12वीं
सीमित सीट उपलब्ध
अस्पतालों या पैथोलैब में कार्यरत विद्यार्थियों के पत्राचार एवं साप्ताहिक सुविधा उपलब्ध
आकाश एजुकेशनल एकेडमी
रजनीश बुक डिपो सामने, केरा रोड, तिवारी काम्प्लेक्स जांजगीर (छ.ग.) मो. 8770638375, 9399743304



# धर्म की रक्षा के लिए युद्ध के मैदान में उतरे पवन कल्याण

**मुंबई।** साउथ स्टार पवन कल्याण की मच अवेटेड फिल्म 'हरि हर वीरमल्लु' का ट्रेलर गुरुवार को जारी हो गया है। हरि हर वीरमल्लु 24 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। ट्रेलर में पवन के अलावा बॉबी देओल का भी दमदार अंदाज देखने को मिला है। 3 मिनट लंबे इस ट्रेलर की शुरुआत एक वॉइस ओवर से होती है, जिसमें मुगल काल के इतिहास के बारे में बताया जाता है। इसके बाद ट्रेलर में मुगल साम्राज्य को दिखाया जाता है। इसके बाद एंट्री होती है मुगल साम्राज्य के सबसे खूंखार और जुल्मी माने जाने वाले शासक औरंगजेब की, जिसके किरदार में नजर आए हैं बॉबी देओल। कंगुवा के बाद बॉबी देओल एक बार फिर खतरनाक अंदाज में नजर आए हैं। इसके बाद धर्म के रक्षक के रूप में एंट्री मारते हैं पवन कल्याण।

लाइफ Style

# दीपिका

## 35 अंतरराष्ट्रीय हस्तियों में चमका नाम

बॉलीवुड की सुपरस्टार दीपिका पादुकोण ने एक बार फिर भारत को गौरवान्वित कर दिया है। जी हां, हॉलीवुड की प्रतिष्ठित 'वॉक ऑफ फेम' लिस्ट में उनका नाम शामिल कर लिया गया है और इस सम्मान के साथ वो पहली भारतीय बनी हैं, जिन्हें ये वैश्विक पहचान मिली है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

खास बात ये है कि ये उपलब्धि उन्होंने हाल ही में मां बनने के बाद हासिल की है, जिससे ये पल और भी खास बन गया है। साल 2026 के लिए घोषित 'हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम' की लिस्ट में दीपिका उन 35 दिग्गजों में शामिल हैं, जिन्हें मोशन पिक्चर्स की कैटेगरी में चुना गया है। इस प्रतिष्ठित सूची में उनके साथ हॉलीवुड के सुपरस्टार टिमोथी चालमेट, डेमी मूर, राशेल मैकऐड्म्स और रामी मालेक जैसे बड़े नाम भी हैं। दीपिका पादुकोण ने न सिर्फ आलिया भट्ट, रश्मिका मंदाना और कियारा आडवाणी जैसी नई पीढ़ी की अदाकाराओं को पीछे छोड़ा है, बल्कि प्रियंका चोपड़ा जैसी ग्लोबली स्थापित स्टार को भी पछाड़कर खुद को एक अलग मुकाम पर पहुंचा दिया है। दीपिका ने सिर्फ बॉलीवुड तक खुद को सीमित नहीं रखा। उन्होंने 'XXX: रिटर्न ऑफ जेंडर केज' जैसी फिल्म से हॉलीवुड में एंट्री की और वहां भी अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया। अब वॉक ऑफ फेम का हिस्सा बनकर उन्होंने इंटरनेशनल मंच पर अपनी उपस्थिति और भी मजबूत कर ली है। साल 2018 में टाइम मैगजीन ने दीपिका को दुनिया की 100 सबसे प्रभावशाली हस्तियों में शामिल किया था।



हॉलीवुड मसाला



# अपने काम पर चाहती हूं गर्व करना

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा जोनस ने अपनी नई फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' के लंदन प्रीमियर में रेड कार्पेट पर शानदार मौजूदगी दर्ज की। उन्होंने बताया कि वह ऐसी भूमिकाएं चुनती हैं, जो हल्की न हों, बल्कि कहानी को आगे बढ़ाएं। एक इंटरव्यू के दौरान. प्रियंका चोपड़ा ने कहा, 'मैं अपने काम पर गर्व करना चाहती हूं।' इस फिल्म में वह नोएल बिसेट नाम की एक तेज-तर्रार एमआई 6 एजेंट की भूमिका में हैं, जो हमेशा दस कदम आगे सोचती है। उन्होंने बताया कि उन्हें ऐसी महिलाओं के किरदार निभाना पसंद है।



# रैपर कॉम्ब्स को नहीं मिली जमानत, पाए गए दोषी...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड म्यूजिक प्रोड्यूसर और रैपर सीन 'डिडी' कॉम्ब्स को बुधवार को अमेरिका की एक अदालत ने यौन तस्करी और रैकेटियरिंग साजिश जैसे गंभीर आरोपों से बरी कर दिया है। हालांकि, राहत की इस खबर के बीच एक बड़ा झटका भी सामने आया। कॉम्ब्स को दो दूसरे आपराधिक मामलों में दोषी करार दिया गया और उन्हें फिलहाल जेल में ही रहना होगा। कॉम्ब्स को जिन दो मामलों में दोषी पाया गया है, वो हैं- 'वेश्यावृत्ति के उद्देश्य से महिला को ले जाने' के दो अलग-अलग आरोप। इन दोनों मामलों में उन्हें अधिकतम 20 साल की सजा हो सकती है। हालांकि, सजा की सुनवाई अक्टूबर 3 को होने वाली है, लेकिन फिलहाल उन्हें जेल से रिहा नहीं किया गया है। ये हाई-प्रोफाइल केस सिंगर केसी वेंचुरा और एक अन्य महिला के गंभीर आरोपों पर केंद्रित था।



# एंड्रियानी ने किए महाकाल के दर्शन

**मुंबई।** अरबाज की एक्स गर्लफ्रेंड जॉर्जिया एंड्रियानी ने गुरुवार को सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी सादगी भरी तस्वीरें शेयर कीं। जॉर्जिया की ये तस्वीरें उज्जैन नगरी के महाकाल के मंदिर की हैं। इन तस्वीरों के साथ जॉर्जिया ने एक नोट भी लिखा है। तस्वीरों में जॉर्जिया महादेव की भक्ति में लीन नजर आ रही हैं। इन बेहतरीन तस्वीरों के साथ जॉर्जिया ने कैप्शन में लिखा, 'महाकाल का आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। जय श्री महाकाल। जॉर्जिया एंड्रियानी की इस शानदार पोस्ट पर सिंगर जुबिन नौटियाल ने कमेंट बॉक्स में नमस्ते और स्माइली इमोजी बनाई है। एक फैन ने लिखा, अच्छा लग रहा है, एक फैन ने लिखा, बहुत सुंदर... बहुत सुरुचिपूर्ण... बस वाह जैसी लग रही हो! एक फैन ने लिखा, बहुत सुन्दर लग रही हो, एक फैन ने लिखा, जय जय श्री महाकाल।



# प्यार के अलग रंग दिखाती है मेट्रो इन दिनों

**मुंबई।** सारा अली खान की फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। इसमें प्यार के अलग-अलग रंग दर्शकों तो देखने को मिलेंगे। जहां तक कहानी की बात है तो इसमें मेट्रो लाइफ के बीच पनपती कुछ लव स्टोरीज हैं। फिल्म में फातिमा सना शेख, अनुपम खेर, नीना गुप्ता, पंकज त्रिपाठी, कोंकणा सेन शर्मा और अली फजल जैसे सितारे भी नजर आएंगे। 'मेट्रो इन दिनों' शुक्रवार चार जुलाई को रिलीज होगी। शुक्रवार को एक्ट्रेस की यह फिल्म रिलीज होने वाली है। वह अपनी फिल्म का जमकर प्रमोशन कर रही है। प्रमोशन के दौरान ही एक्क्ट्रेस ने एक पोस्ट साझा की है, जिसमें प्यार भरा मैसेज लिखा है। पिछले दिनों सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' प्रमोशन अलग-अलग शहरों में कर रहे थे। प

टीवी मसाला





# टीआरपी लिस्ट में तारक मेहता का उल्टा चश्मा ने मारी बाजी

**नई दिल्ली।** सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' 17 साल से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। इस सीरियल में दिलीप जोशी, जेठालाल का लीड रोल निभाते हैं। जेठालाल गौकुल धाम सोसायटी में रहता है, वहां कई और लोग भी रहते हैं। इस सीरियल की सिंपल कॉमेडी दर्शकों को पसंद है। 25वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' ने बाजी मारी है। 2.3 की टीआरपी के साथ यह पहले नंबर है। दूसरे नंबर पर 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' है, इसकी टीआरपी 2.1 है। रुपाली गांगुली का सीरियल 'अनुपमा' टीआरपी लिस्ट में कई हफ्तों तक टॉप पर बना रहा है। मगर, इसी हफ्ते यह तीसरे नंबर पर आ गया है। 25वें हफ्ते में अनुपमा की टीआरपी 2.1 है। हाल ही में इस सीरियल में लीप आया है। लीड कैरेक्टर अनुपमा मुंबई पहुंच गई है, यहां वह अपनी जिंदगी की एक नई शुरुआत कर रही है। 25वें हफ्ते की टीआरपी में टॉप 10 में कई और सीरियल ने जगह बनाई है। चौथे नंबर पर उड़ने की आशा है, इसकी टीआरपी 2.1 है। वहीं, पांचवें नंबर पर लाफ्टर शेफ 2 है, इस सीरियल की टीआरपी 1.6 रही है। छठे नंबर नंबर सीरियल 'गुम हैं किसी के प्यार में' रहा, यह सीरियल कम टीआरपी के कारण बंद हो रहा है। सातवें नंबर पर सीरियल मंगल लक्ष्मी-लक्ष्मी का सफर और आठवें नंबर पर एडवोकेट अंजलि अवस्थी है। नौवें और दसवें स्थान पर सीरियल शिव शक्ति और 'मन्नत है।

## एक्टिंग करना आज भी मेरे लिए चुनौतीपूर्ण

**नई दिल्ली।** लोकप्रिय टीवी शो 'भाबीजी घर पर हैं' में अंगूरी भाभी के किरदार से मशहूर अभिनेत्री शुभांगी अत्रे ने बताया है कि कई सालों तक कैमरे के सामने काम करने के बाद भी, उनके लिए एक्टिंग करना अभी भी एक चुनौती जैसा लगता है। उन्होंने कहा, 'मुझे 'संघर्ष' शब्द थोड़ा नेगेटिव लगता है, लेकिन अभिनय में हर समय हम आगे बढ़ते रहते हैं। कई साल काम करने के बाद भी कुछ न कुछ नया सीखना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सफर कभी खत्म नहीं होता, बल्कि समय के साथ और भी खास बनता जाता है। मुझे एक्टिंग कभी आसान नहीं लगती, क्योंकि हर किरदार के अपने अलग भाव होते हैं। आप किसी और की जिंदगी में कदम रखते हो, और इसके लिए बहुत ईमानदारी और मेहनत करनी पड़ती है। लंबे शूटिंग और थकावट की स्थिति में वह खुद को किस तरह प्रेरित करती हैं, इस पर शुभांगी ने कहा, 'मैं खुद को याद दिलाती रहती हूं कि मैंने यह काम क्यों शुरू किया था। मुझे सच में अपने काम से बहुत प्यार है और जब दिन मुश्किल होते हैं, तो मैं छोटी-छोटी अच्छी बातों में खुशी ढूंढ़ती हूं, जैसे कोई जबरदस्त डायलॉग या बेहतरीन सीन।



# 40 साल से ज्यादा उम्र के बाद भी इन हीरोइनों ने अब तक नहीं बसाया घर

*नई दिल्ली। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में ग्लैमरस हीरोइनों की भरमार है। कुछ ने शादी करके घर बसा लिया, तो कुछ अब तक कुवारी हैं। आज हम आपको ऐसी ही 7 एक्ट्रेसेस के बारे में बताते हैं, जिनकी उम्र 40 साल से ज्यादा है, लेकिन अब उन्होंने शादी नहीं की है। फिर भी ये खूबसूरती में नई हीरोइनों को भी कांटे की टक्कर देने का काम करती हैं।*



**तब्बू :** तब्बू बॉलीवुड की शानदार हीरोइनों में से एक हैं। वह मकबूल, हैदर और अंधाधुन जैसी फिल्मों में अपने हुनर का जलवा बिखेर चुकी हैं। फैंस उन्हें बड़े पर्दे पर दमदार भूमिकाओं में देखना बेहद पसंद करते हैं। 53 साल की हो चुकीं तब्बू ने अब तक शादी नहीं की है।



**दिव्या दत्ता :** दिव्या दत्ता ने साल 1994 में फिल्म 'इश्क में जीना इश्क में मरना' से डेब्यू किया था। उन्होंने वीर जारा, वेलकम टू सज्जनपुर, दिल्ली-6, स्टेनली का डब्बा, हीरोइन, बदलापुर' और भाग मिल्खा भाग जैसी कई हिट फिल्मों में काम किया। 47 साल की उम्र में भी दिव्या दत्ता कुंवारी हैं।



**तनिशा मुखर्जी :** तनिशा मुखर्जी ने साल 2003 में फिल्म Sssshhh... से अपना डेब्यू किया था और उन्हें पहली सफलता राजनीतिक क्राइम थ्रिलर फिल्मों सरकार और सरकार राज से मिली।तनिशा रिएलिटी शो 'बिग बॉस' में भी नजर आ चुकी हैं। वह 47 साल की हैं और अब तक सिंगल हैं।

**अमीषा पटेल :** अमीषा पटेल ने 'कहो ना प्यार है' फिल्म से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी, जिसमें वह ऋतिक रोशन के अपोजिट नजर आईं। आपको जानकर हैरानी होगी कि 50 साल की उम्र में भी अमीषा पटेल कुंवारी हैं। उन्होंने गदर और गदर 2 जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में काम किया है।



**सुष्मिता सेन :** सुष्मिता सेन 49 साल की हो चुकी हैं और आज भी अपनी अदाकारी से फैंस के दिलों को जीत लेती हैं। उन्होंने अब तक शादी नहीं की है। सुष्मिता सेन ने साल 2000 में रेने और साल 2010 में अलीसा को गोद लिया था। वह अपनी दोनों अडॉप्टेड बेटियों के साथ रहती हैं।

# कार्तिक और श्रीलीला ने साथ में किया डिनर

**मुंबई।** बॉलीवुड के चॉकलेटी बॉय कार्तिक आर्यन एक बार फिर अपने लव अफेयर को लेकर चर्चा में आ गए हैं। इस बार उनके साथ जुड़ा है साउथ की ग्लैमरस एक्ट्रेस श्रीलीला का नाम। बीते कुछ दिनों से दोनों को कई बार एक साथ देखा गया है और हाल ही में दोनों को देर रात मुंबई के एक मशहूर रेस्टोरेंट से बाहर निकलते हुए स्पॉट किया गया। बस फिर क्या था, सोशल मीडिया पर फैंस ने इन्हें लेकर कयास लगाने शुरू कर दिए। कार्तिक और श्रीलीला की ये लेट नाइट मुलाकात जैसे ही कैमरे में कैद हुई, इंटरनेट पर कमेंट्स का सैलाब आ गया। वीडियो में दोनों को हंसते-मुस्कुराते और साथ वक्त बिताते देखा गया। फैंस ने कमेंट बॉक्स में मजेदार प्रतिक्रियाएं दीं। एक यूजर ने लिखा, 'नई जोड़ी सुपरहिट लग रही है।' सूत्रों की मानें तो कार्तिक और श्रीलीला अनुराग बसु की फिल्म 'आशिकी 3' में साथ नजर आने वाले हैं। इस रोमांटिक म्यूजिकल फिल्म की शूटिंग की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं और दोनों स्टार्स इन दिनों फिल्म की स्क्रिप्ट रीडिंग और वर्कशॉप्स में साथ देखे जा रहे हैं। ऐसे में दोनों के बीच बढ़ती नज़दीकियों को लेकर बातें होना लाजमी है। हाल ही में श्रीलीला के जन्मदिन पर कार्तिक ने एक प्यारी सी तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की थी, जिसमें दोनों काफी क्यूट लग रहे थे।



## ऑस्कर विनर्स से लेकर दुनिया भर के टैलेंट, हॉलीवुड के टॉप क्रिएटर्स भी शामिल

# रणबीर की 835 करोड़ी रामायण में पहली बार दिखा वो जो पहले नहीं हुआ

*नई दिल्ली। रणबीर कपूर की 'रामायण' की पहली झलक ने सोशल मीडिया पर तूफान मचा दिया है। करीब 5,000 साल पुरानी इस गाथा को अब तक की सबसे बड़े स्केल पर तैयार होनेवाली बॉलीवुड फिल्म बताई जा रही है। इस फिल्म के लिए हॉलीवुड के टॉप स्टंट डायरेक्ट, ऑस्कर विनर के लीजेंड्स, दुनिया के बेस्ट टैलेंट को एक साथ जोड़ा गया है। रणबीर कपूर की 'रामायण' की पहली ही झलक ने सोशल मीडिया और लोगों के दिलों में तूफान मचा दिया है। ऐसा माना जा रहा है कि इस फिल्म के साथ ही दुनिया के सबसे बड़े सिनेमाई इवेंट का आगाज़ हो गया है। करीब 5,000 साल पुरानी इस गाथा को दुनिया भर में 2.5 अरब लोग पूजते हैं। अब नमित मल्होत्रा की 'रामायण' को दो पार्ट में तैयार किया गया है, जिसे लाइव-एक्शन सिनेमैटिक यूनिवर्स के तौर पर पेश किया जा रहा है। इस फिल्म स्केल अब तक के सबसे बड़े हॉलीवुड टेंटपोल जैसी है। इस फिल्म में हॉलीवुड और भारत के नामचीन कास्ट और टेक्निशियन पहली बार इतनी बड़ी पार्टनरशिप में एक साथ आ रहे हैं, जैसा पहले कभी नहीं देखा गया। नितेश तिवारी के निर्देशन में तैयार हुई 'रामायण' को नमित मल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियोज और 8 बार ऑस्कर जीत चुके वीएफएक्स स्टूडियो डबल निगेटिव प्रोड्यूस कर रहे हैं, जिसमें यश के 'मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस' का भी सहयोग है। फिल्म का बजट 835 करोड़ है और इसे खासतौर पर आईएमएएक्स जैसे बड़े फॉर्मैट के लिए शूट किया गया है। 'रामायण' का पहला पार्ट दिवाली 2026 और दूसरा पार्ट दिवाली 2027 में दुनियाभर में रिलीज़ किया जानेवाला है।*

### राम- रावण की अमर लड़ाई को फिर से जीवित किया जा रहा

'रामायण: द इंट्रोडक्शन' के ग्लोबल लॉन्च के साथ इस जबरदस्त यूनिवर्स की पहली झलक सबके सामने आ चुकी है। इसमें दो सबसे बड़े पौराणिक किरदारों 'राम और रावण' की अमर लड़ाई को फिर से जीवित किया जा रहा है। इस लॉन्च को वाकई ग्लोबल बना दिया गया है, जहां इसकी भारत के नौ बड़े शहरों में एक साथ फैन स्क्रीनिंग्स हुईं है, वहीं न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वेयर पर बिलबोर्ड टेकओवर ने माहौल बना दिया।



### ऐसी ताकत, जैसी पहले कभी नहीं देखी गई

ये कहानी उस दौर की है जब समय का कोई नाम-ओ-निशान नहीं था। ब्रह्मांड का संतुलन तीन शक्तियों के हाथ में था ब्रह्मा (जो रचते हैं), विष्णु (जो संभालते हैं) और शिव (जो खत्म करते हैं)। इन तीनों की वजह से देवता, ऋषि, इंसान और राक्षस सब शांति से रहते थे। लेकिन इसी संतुलन की राख से एक ऐसी ताकत उठती है, जैसी पहले कभी नहीं देखी गई।

### जिसकी कोई उम्मीद नहीं करता और वही बन जाता है रावण

एक ऐसा राक्षस बालक जन्म लेता है, जिसकी कोई उम्मीद नहीं करता और वही बन जाता है रावण। सबसे डरावना और अजेय राजा, जिसकी दहाड़ से आसमान कांप उठता है। उसका मकसद साफ है, उस विष्णु को खत्म करना, जो हमेशा उसकी जाति के खिलाफ खड़े हुए। इसे रोकने के लिए विष्णु खुद धरती पर आते हैं, लेकिन अपनी सबसे कमजोर रूप में यानी एक इंसानी राजकुमार के रूप में, जिसका नाम राम है। यहीं से शुरू होती है राम बनाम रावण, इंसान बनाम अमर, उजाला बनाम अंधेरा की वो लड़ाई जो कभी खत्म नहीं होती। ये है रामायण, एक ऐसी कहानी जो ब्रह्मांड की लड़ाई, किस्मत की ताकत और अच्छाई की जीत को दिखाती है। एक ऐसी गाथा जो आज भी करोड़ों लोगों के मन और सोच को दिशा देती है।

### *भारत के लिए ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए बनाई जा रही*

*इस मेगा प्रोजेक्ट को विजनरी प्रोड्यूसर और फिल्ममेकर नमित मल्होत्रा ने लीड किया है, और सुपरस्टार यश इसके को-प्रोड्यूसर हैं। नितेश तिवारी ने 'रामायण' में वीएफएक्स पर खास जोर दिया है। इस बड़े काम के लिए 7 बार ऑस्कर जीत चुकी उनकी कंपनी डबल निगेटिव को चुना गया है। मजेदार ये है कि नमित मल्होत्रा की इसी कंपनी ने 'ड्यून, इंटरस्टेलर और यहां तक कि ब्रह्मास्त्र: पार्ट-1 शिवा का भी वीएफएक्स डिजाइन किया है। इसमें ऑस्कर विजेता टेक्नीशियनों, हॉलीवुड के टॉप क्रिएटर्स और भारत के सबसे बड़े एक्टर्स की टीम एक साथ आई है, ताकि भारतीय संस्कृति में रची-बसी इस गाथा को एक नए जमाने की सिनेमैटिक यूनिवर्स में बदला जा सके, जो न सिर्फ भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए बनाई जा रही है।*

## खबर संक्षेप

### जनपद सदस्य की अनुशंसा पर सौम्या को मिली व्हीलचेयर



**बम्हनीडीह।** जनपद सदस्य शिखा राकेश राठौर की अनुशंसा पर जनपद पंचायत बम्हनीडीह के ग्राम अफरीद निवासी दिव्यांग सौम्या सिंह राठौर पिता रघुराज सिंह राठौर को व्हीलचेयर प्रदान किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री चेतन महंत, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि दुष्यंत सिंह राज, अन्य जनप्रतिनिधि एवं जनपद पंचायत के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सौम्या सिंह राठौर के परिवार ने सभी जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। भाजपा जिला महामंत्री चेतन महंत ने बताया कि क्षेत्र के हर जरूरतमंद तक शासन की योजनाओं और संसाधनों को पहुंचाना भाजपा सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और उनके जीवन में सहूलियत बढ़ाने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत हैं।

### शाला विकास एवं प्रबंध समिति के अध्यक्षों का कार्यशाला सह प्रशिक्षण आज

**जांजगीर-चांपा।** जिला पंचायत के आडिटोरियम में शाला विकास एवं प्रबंध समिती के अध्यक्षों की कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन शनिवार 5 जुलाई को सुबह 10:30 से शाम 4 तक किया गया है। यह कार्यक्रम जिले की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने के लिये एक नया पहल है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के स्तर को उठाने के साथ जन भागीदारी विकास समिति के अध्यक्षों को उनके अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करना है। इस आयोजन में जिले के जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत 5 जुलाई को पंजीयन के साथ किया जाएगा। इस कार्यक्रम में चार अलग-अलग बिंदुओं पर व्याख्यान एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया है। प्रथम चरण में शाला विकास समिति की संरचना एवं उद्देश्य के बारे में जन भागीदारी विकास समिति के सम्माननीय अध्यक्षों को व्याख्यान दिया जाएगा। इसमें मुख्य रूप से समिति के गठन की संरचना पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसके बाद शिक्षकों के कार्य एवं दायित्वों के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी। इसमें मुख्य रूप से शिक्षकों के कौन-कौन से कर्तव्य होना चाहिए इसके बारे में चर्चा करते हुए उनके दायित्व से भी जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया जाएगा। इससे शिक्षकों के कार्य प्रणाली के बारे में सूक्ष्म अध्ययन करने का समिति के सदस्यों को अवसर प्राप्त होगा। व्याख्यान के तीसरे चरण में शाला विकास समिति के अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में परिचर्चा की जाएगी। कार्यशाला की अंतिम कड़ी में जिला के वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में कौन-कौन से सुधार किया जा सकते हैं इसके विषय में चर्चा का आयोजन किया जाना है। इसमें जन भागीदारी विकास समिति के सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों को शामिल करते हुए जिला स्तर पर शिक्षा के विकास की भावी रूपरेखा तैयार की जाएगी।

### कैट ने नगर के चिकित्सकों और चार्टर्ड एकाउंटेंट का किया सम्मान



**चांपा।** कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की स्थानीय इकाई ने नगर के प्रतिष्ठित चिकित्सकों और चार्टर्ड एकाउंटेंट्स का उनके निवास स्थल पर जाकर सम्मान किया। इस आयोजन का उद्देश्य समाज के उन स्तंभों को सम्मानित करना था, जो स्वास्थ्य और व्यापार क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कैट नगर अध्यक्ष राजन गुप्ता ने कहा कि मानव जीवन के लिए डॉक्टर जितने आवश्यक हैं, उतने ही व्यापारी जीवन में चार्टर्ड एकाउंटेंट की भूमिका भी महत्वपूर्ण होती है। जैसे डॉक्टर से हमें शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की सलाह मिलती है, वैसे ही व्यापार संचालन में जोखिम से बचाव और दिशा देने में सी.ए. की भूमिका अहम होती है। सम्मानित किए गए व्यक्तित्वों में डॉ. जी.के. नाटक, डॉ. मनोहर गुलाबानी, डॉ. मनीष श्रीवास्तव, डॉ. अनिता श्रीवास्तव, डॉ. रवि सराफ, डॉ. वर्षा सराफ, डॉ. मुस्कान धामेचा, तथा सी.ए. पंकज चंदानी को सम्मान स्वरूप उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट किया गया। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव, कैट के मनोज धामेचा, मनोज वीरानी, राम खुबवानी, सुदेश अहीर, पार्षद महेंद्र तिवारी व संतोष जब्बल उपस्थित थे।

### स्थाई समिति की बैठक में शामिल होने सरपंचों का किया जाएगा चयन

**मालखरौदा।** जनपद पंचायत में होने वाले स्थाई समिति की बैठक में शामिल होने के लिए क्षेत्र के सरपंच का चयन किया जाना है। इसके लिए 18 जुलाई को लॉटरी निकाला जाएगा। साथ ही चयनीत सरपंच 1 वर्ष के लिए जनपद पंचायत की स्थाई समिति की बैठक में भाग ले सकेंगे। जनपद पंचायत के सभा कक्ष में यह आयोजन किया गया है। लॉटरी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रूपेंद्र पटेल की उपस्थिति में निकाला जाएगा। सुबह 11 सहयोग के लिए सूरजभान सिंह राठौड़ पंचायत निरीक्षक तथा सहायक ग्रेड 2 अयाज खान उपस्थित रहेंगे।

दो और चार पहिया वाहन चालकों को हो रही परेशानी, शीघ्र मरम्मत करने की मांग

# बिर्रा से मल्दा होते हुए चंद्रपुर को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग पोखर में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिर्रा



लोक निर्माण विभाग उप संभाग चांपा के अंतर्गत बिर्रा से घिवरा, मल्दा होते हुए चंद्रपुर मुख्य मार्ग की हालत खराब हो गई है। मुख्य मार्ग में बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढा बन गए हैं, जिसके कारण आने जाने वाले दो पहिया और चार पहिया वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि जैजैपुर विधानसभा के अंतर्गत ग्राम बिर्रा, घिवरा और मल्दा होते हुए चंद्रपुर मुख्य मार्ग पर बड़े-बड़े भारी वाहन कैप्सूल, हाईवा, ट्रक, बस रोजाना हजारों की तादाद में चलते हैं। बड़े-बड़े वाहनों के चलने से इस मार्ग से जगह-जगह जानलेवा पोखरनुमा गड्ढा बन गया है। गड्ढा को बचाने के चक्कर में बाइक सवार गिरकर घायल हो रहे हैं, जिसको ग्रामीणों की मदद से अस्पताल पहुंचाया जाता है। इधर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मरम्मत को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे है। यह मुख्य मार्ग लोक निर्माण विभाग उप संभाग चांपा के अंतर्गत बिर्रा से घिवरा, मल्दा होते हुए चंद्रपुर को जोड़ती है। इसी मुख्य मार्ग पर तहसीलदार, अनुविभागीय अधिकारी और थानेदार जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इसके अलावा कभी कभार दोनों जिला जांजगीर-चांपा और नवीन जिला सक्ती के कलेक्टर का भी आना जाना लगा रहता है बावजूद मरम्मत नहीं हो पाता है। बिर्रा में पेट्रोल टंकी के पहले , घिवरा में बस्ती के आगे और मल्दा में लखन लाल कश्यप घर के सामने और चंद्रपुर मुख्य मार्ग की तरफ बिर्रा से चंद्रपुर तक मुख्य मार्ग की हालत ज्यादा खराब है। मुख्य मार्ग अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी गंभीर नजर नहीं आ रहे है। इस मुख्य मार्ग में बड़े-बड़े पोखरनुमा गड्ढा हो गया है मानो ऐसा लग रहा है कि सड़क के बीच में तालाब है या तालाब के बीच में सड़क है। गड्ढे में पानी भरने से राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी हो रही है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने आने जाने वाले राहगीरों के साथ वाहन चालकों को हो रही परेशानी को देखते हुए शीघ्र ही कलेक्टर से मरम्मत करवाने की मांग की है।



बिर्रा-चंद्रपुर मुख्य मार्ग पर बना पोखरनुमा जानलेवा गड्ढा।

# आज निकलेगी बहुड़ा यात्रा घर लौटेंगे भगवान जगन्नाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा



नगर में शुक्रवार 27 जून को भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा जी की रथ यात्रा परंपरानुसार धूमधाम से भक्ति पूर्वक निकाले जाने के बाद नौ दिनों तक मौसी के घर में विश्राम करने के पश्चात शनिवार 5 जुलाई को बहुड़ा यात्रा के माध्यम से भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा एवं बलभद्र जी की घर (मंदिर) वापसी होगी। पाढ़ीघाट के पाढ़ी मंदिर तथा श्री जगन्नाथ बड़े मठ मंदिर से निकाली गयी रथ यात्रा नगर का भ्रमण कर मौसी के निवास पहुंची थी जहां नौ दिनों तक विश्राम करने के बाद 5 जुलाई को दशमी के दिन बहुड़ा यात्रा के माध्यम से भगवान की घर वापसी होगी। बहुड़ा यात्रा को लेकर नगर के सदर बाजार इलाके में जगह-जगह मालपुए की दुकानें सजनी चालू हो गयी है।

- 27 जून को रथ यात्रा के माध्यम से मौसी के घर पहुंचे थे भगवान

उल्लेखनीय है कि नगर की रथ यात्रा करीब 150 वर्ष से भी ज्यादा पुरानी है। इस वर्ष भी आषाढ़ शुक्ल पक्ष की द्वितीया शुक्रवार 27 जून को पाढ़ी घाट तथा श्री जगन्नाथ बड़े मठ मंदिर से अपरान्ह 3 बजे और शाम 5 बजे रथ यात्रा निकाली गयी। रथ यात्रा के मार्ग में श्रद्धालुओं ने जगह-जगह भगवान के दर्शन कर उन्हें मालपुए, गजमूंग और श्रीफल का प्रसाद अर्पित किया। पाढ़ी घाट से निकली रथ यात्रा नगर भ्रमण के बाद सदर बाजार स्थित नारायण सोनी तथा श्री जगन्नाथ बड़े मठ मंदिर से निकली रथ यात्रा संतोष सोनी के निवास पहुंची। यहां भगवान नौ दिनों तक अपनी मौसी के घर विश्राम करने के बाद आषाढ़ शुक्ल पक्ष की दशमीं 5 जुलाई को बहुड़ा यात्रा के माध्यम से पुनः अपने घर (मंदिर) लौटेंगे। रथ यात्रा व बहुड़ा यात्रा में भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा जी को मालपुए, गजमूंग तथा श्रीफल का प्रसाद अर्पित किये जाने की परंपरा है इसके चलते सदर बाजार इलाके में जगह-जगह मालपुए बनाने और उनके विक्रय का कार्य प्रारंभ हो गया है। संतोष सोनी एवं नारायण सोनी के निवास पर नौ दिनों तक भक्तिभाव से भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा एवं बलभद्र जी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। दोनों ही जगहों पर भगवान के दर्शन हेतु भक्तों का तांता लगा रहा।

## बिजली गुल होते ही खाद वितरण ठप, किसान करते रहे इंतजार



**गोधना।** प्राथमिक कृषि साख समिति मर्यादित गोधना (पंजीयन क्रमांक 1032) में गुरुवार को बिजली गुल होने से किसानों को खाद लेने में खासी परेशानी उठानी पड़ी। समिति के पास इनवर्टर नहीं होने के कारण जैसे ही बिजली गई, खाद वितरण का काम रुक गया।

कुरियारी, कुकदा, कामता, बोरदा समेत आसपास के गांवों से सुबह-सुबह बड़ी संख्या में किसान खाद लेने पहुंचे थे, लेकिन बिजली कटते ही कंप्यूटर बंद हो गया और खाद मिलना बंद हो गया। किसान एक-एक घंटे तक बिजली आने का इंतजार करते रहे। जैसे ही थोड़ी देर के लिए बिजली आती, सिस्टम ऑन होता, लेकिन फिर बिजली चली जाती। इससे वितरण बार-बार रुकता रहा। बताया जाता है कि ज्यादातर किसान सुबह से दोपहर तक लाइन में लगे रहे। कुछ को तो एक बोरी खाद के लिए तीन-तीन घंटे तक रुकना पड़ा। कई किसान वापस खाली हाथ लौट गए। किसानों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि इतनी बड़ी समिति में इनवर्टर तक नहीं है।

**जल्द वैकल्पिक व्यवस्था की मांग**-किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि समिति में जल्द से जल्द इनवर्टर या जनरेटर की व्यवस्था की जाए, ताकि खाद वितरण समय पर और बिना बाधा हो सके। बरसात का समय है, खेती की तैयारी चल रही है, ऐसे में खाद नहीं मिलने से फसल की बुवाई भी प्रभावित हो सकती है।

### विधानसभा सत्र के मद्देनजर अवकाश पर लगा प्रतिबंध

**सक्ती।** विधानसभा सत्र को देखते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों, कर्मचारियों के अवकाश पर तत्काल प्रतिबंध लगाया है। छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा का षष्ठम सत्र 14 जुलाई से प्रारंभ होने के फलस्वरूप कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने विधानसभा सत्र के अवसान तक जिले के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों के अवकाश पर तत्काल प्रतिबंध लगाया है। जारी आदेश के तहत कोई भी अधिकारी किसी भी प्रकार के अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे एवं अपने निर्धारित मुख्यालय पर ही रहेंगे। कार्यालय प्रमुख अपने अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को कोई अवकाश स्वीकृत नहीं करेंगे। अवकाश की नितांत आवश्यकता होने पर कलेक्टर, सक्ती के द्वारा ही अवकाश स्वीकृत किये जावेगें। जिसका नस्ती विभाग प्रमुख द्वारा स्वीकृति हेतु प्रस्तुत करेगें। सभी अधिकारी, कर्मचारी अपने मोबाईल नम्बर पर उपलब्ध रहना सुनिश्चित करेगें।

## प्रदेश स्तरीय मॉक पार्लियामेंट युवा संसद कार्यक्रम में सक्ती जिला प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ द्वारा श्री अग्रसेन धाम रायपुर में आपातकाल के 50 वर्ष पर आयोजित प्रदेश स्तरीय मॉक यूथ पार्लियामेंट युवा संसद कार्यक्रम 2 जुलाई को सम्पन्न हुआ, जिसमें प्रदेश भर से युवक - युवतियों ने भाग लिया। यह मॉक पार्लियामेंट युवा संसद कार्यक्रम तीन सत्र में सम्पन्न किया गया, जिसमें सक्ती जिले से एक और एक युवती भाग लेने के लिए चयनित हुआ था। इस प्रकार युवक वेदांत मिश्रा ग्राम सेदरी निवासी ने इस कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त किया और छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रमाण पत्र और 51000 रूपए की राशि प्रदान किया गया। जिले से ही बघौद से युवती पल्लवी बंजारे को भी प्रमाण पत्र से सम्मान किया गया। भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष लोकेश साहू दोनों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, प्रेम प्रकाश पाण्डेय, भाजयुमो प्रदेश प्रभारी आलोक डंकस, कैबिनेट मंत्रीगण, जनप्रतिनिधि गण, पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

- मुख्यमंत्री एवं वित्तमंत्री ने 51 हजार रुपए एवं प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित



मुख्मंत्री के हाथों प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार राशि प्राप्त करते वेदांत मिश्रा।

## जर्जर भवन से मुक्ति, पंचायत की नई बिल्डिंग में शिफ्ट हुआ स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

नवागढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत कुरियरी के महावीर मोहल्ला में जर्जर भवन में ही संचालित प्रायमरी स्कूल को पंचायत के नए भवन में शिफ्ट किया गया है। दरअसल ये स्कूल पंचायत के पुराने जर्जर भवन में लग रहा था। वहां की स्थिति को देखते हुए इसे नई बिल्डिंग में शिफ्ट किया गया।

- कलेक्टर के निर्देश पर नवागढ़ जनपद सीईओ ने तत्काल की पहल

नवागढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम कुरियारी के महावीर मोहल्ला में संचालित शासकीय प्रायमरी स्कूल का भवन कई सालों से जर्जर स्थिति में है। ऐसे में इस स्कूल को पिछले साल से पंचायत के पुराने भवन में संचालित किया जा रहा था। इस दौरान अबकि बार बारिश शुरु होते ही पंचायत का पुराना भवन भी जर्जर स्थिति आ गया। बरसात का पानी छत से टपकने लगा था। ऐसे में बरसात के दिनों में इस भवन की जर्जर स्थिति को देखते हुए इसे पंचायत के ही नए भवन में संचालित करने की मांग की जा रही थी। इस दौरान कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में जनपद पंचायत नवागढ़ के सीईओ अनिल कुमार ने उक्त स्कूल को पंचायत के नए भवन में संचालित करने के आदेश दिए। इसके परिपालन में जनपद पंचायत की टीम शिक्षा विभाग के अफसरों के साथ शुक्रवार 4 जुलाई को गांव पहुंची। वहां पंचायत प्रतिनिधि और स्कूल स्टाफ की मौजूदगी में पंचायत के पुराने भवन में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला को ग्राम पंचायत के नवीन भवन में शिफ्ट किया गया।



पढ़ाई करते बच्चे, स्कूल पहुंची जनपद पंचायत एवं शिक्षा विभाग की टीम।

## गबन के आरोप में कलेक्टर ने तत्कालीन प्रभारी प्रक्षेत्र प्रबंधक को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

शासकीय धन राशि गबन किये जाने के आरोप में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने तत्कालीन प्रभारी प्रक्षेत्र प्रबंधक प्रक्षेत्र रगजा को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के तहत तत्कालीन प्रभारी प्रक्षेत्र प्रबंधक पुनीशंकर केंवट प्रक्षेत्र रगजा (ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी) के विरूद्ध कार्यालय आयुक्त बिलासपुर संभाग बिलासपुर के द्वारा शासकीय कृषि बीज प्रगुणन प्रक्षेत्र-रगजा में शासकीय धन राशि गबन किये जाने के संबंध में प्राप्त शिकायत के जॉच हेतु दल गठित कर जाँच कराया गया। जांच दल के प्रतिवेदन के अनुसार तत्कालीन प्रभारी प्रक्षेत्र प्रबंधक पुनीशंकर केंवट, प्रक्षेत्र रगजा के द्वारा राशि 12 लाख 67 हजार 518 रूपये का हेरा-फेरी कर शासकीय राशि का दुरूपयोग किये जाने एवं 6.000 हेक्टेयर पड़त भूमि छोड़ने वाले नुकसान की उत्पादन औसत राशि 6 लाख 33 हजार 473 रूपये इस प्रकार कुल 19 लाख 991 रूपये का गबन किये जाने के आरोप में 26 जून 2025 के द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। प्रभारी प्रक्षेत्र प्रबंधक पुनीशंकर केंवट, प्रक्षेत्र रगजा (ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी) द्वारा प्रस्तुत जवाब का अवलोकन किया गया, जवाब संतोषप्रद नहीं पाया गया। इसके बाद पुनीशंकर केंवट प्रभारी प्रक्षेत्र प्रबंधक प्रक्षेत्र रगजा को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 1966 के नियम 09 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में जीवन निर्वाह भत्ता का देय होगा। निलंबन अवधि में इनके मुख्यालय अनुविभागीय कृषि अधिकारी सक्ती नियत किया गया है।

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने पदस्थापना में पूर्ण पारदर्शिता रखने की मांग

# 12 वर्षों के इंतजार के बाद शिक्षकों को प्राचार्य पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

छत्तीसगढ़ के शिक्षकों के लिए आज का दिन अत्यंत हर्ष और गौरव का रहा। विगत 12 वर्षों से प्राचार्य पदोन्नति की बाट जोहते शिक्षकों को अंततः वह सुखद समाचार मिला, जिसका वे लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। हाईकोर्ट द्वारा स्टे हटाए जाने के साथ ही प्रदेश भर के शिक्षकों में उल्लास की लहर दौड़ गई है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष संजय ठाकुर एवं जिलाध्यक्ष टिकेश ठाकुर ने बताया कि वर्ष 2013 के पश्चात राज्य में किसी भी शिक्षक को प्राचार्य के पद पर पदोन्नति नहीं दी गई थी। फलस्वरूप, 90 प्रतिशत से अधिक हाई स्कूल प्राचार्य विहीन हो चुके थे। संस्था प्रमुखों की अनुपस्थिति के कारण न केवल अनुशासन प्रभावित हो रहा था, बल्कि शिक्षण गुणवत्ता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। श्री ठाकुर ने बताया कि सैकड़ों शिक्षक जो इस पद के लिए पूर्णतः योग्य एवं पात्र थे, वर्षों तक प्रतीक्षा करते-करते या तो सेवानिवृत्त हो गए अथवा दिवंगत हो गए। वर्तमान सरकार के गठन के पश्चात शिक्षक संघ ने शीघ्र प्राचार्य पदोन्नति की मांग को लेकर मुख्यमंत्री एवं शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से गंभीर एवं सारगर्भित चर्चा की थी। मुख्यमंत्री ने इस मांग को सकारात्मक रूप से स्वीकार करते हुए संबंधित विभाग को आदेश जारी करने निर्देशित किया। इसका प्रत्यक्ष परिणाम यह रहा कि 30 अप्रैल 2024 को लगभग 3000 शिक्षकों को प्राचार्य पद पर पदोन्नत किया गया। हालांकि कुछ शिक्षकों द्वारा न्यायालय में याचिका दायर किए जाने से यह प्रक्रिया अस्थायी रूप से रुक गई थी। शासन द्वारा न्यायालय में ठोस पक्ष रखने के पश्चात स्टे हट गया और वर्षों पुरानी मांग अंततः पूरी हो गई। संघ ने यह भी आग्रह किया है कि प्राचार्य पदस्थापना में पूर्ण पारदर्शिता रखी जाए, जिससे लेन-देन और भ्रष्टाचार जैसी आशंकाओं पर रोक लगाई जा सके। इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव, शिक्षा संचालक एवं शासन का आभार व्यक्त किया है। आभार व्यक्त करने वालों में हरिराम जायसवाल, धन्य कुमार पाण्डेय, विजय थवाईत, राजेन्द्र जायसवाल, डॉ. रविन्द्र द्विवेदी, लोमस श्रीवास, नारायण प्रसाद सूर्यवंशी आदि सम्मिलित हैं।



उपस्थित छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

